दिनांकः 29.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य सरकार ने सरकारी कार्मिकों की ग्रेच्युटी और डेथ ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने को दी मंजूरी–मंत्रिमंडल की बैठक में हुए कई अहम फैसलें
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर–पाली को औद्योगिक स्मार्ट शहर के रूप में विकसित करने के केन्द्र सरकार के फैसले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त कियां
- राज्य स्तरीय पुलिस अधिकारी कॉन्फ्रेंस, आज से जयपुर में
- राष्ट्रीय खेल दिवस आज–महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद के सम्मान में प्रदेश में विभिन्न आयोजनं

000

राज्य मंत्रिमंडल ने सरकारी कार्मिकों की ग्रेच्युटी और डेथ ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने की मंजूरी दे दी हैं वहीं पुरुष और महिला कार्मिकों को सीजीएचएस की तर्ज पर अब आरजीएचएस में भी चिकित्सा सुविधा के लिए साथ रहने वाले माता–पिता या सास–ससुर में से किसी एक को शामिल करने का विकल्प मिलेगां जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमण्डल की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गएं बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकारों इन फैसलों की निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि कार्मिक की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर अब आश्रित को केंद्रीय कार्मिकों की तरह ही 10 वर्षों तक बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन का लाभ मिल सकेगां

मंत्रिमंडल ने किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए 11 केवी फीडर सेग्रेगेशन के कार्यों को मंजूरी दी हैं साथ ही 3 हजार मेगावाट की चार सौर ऊर्जा परियोजनाओं को भी स्वीकृत किया गया हैं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि बताया कि एमएसएमई उद्यमों के विकास के लिए केन्द्रीय एमएसएमई मंत्रालय को जयपुर में टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना के लिए जेडीए की दहमीकलां संस्थानिक योजना में 12 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित करने की भी मंजूदी की गई हैं

000

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देश के औद्योगिक परिदृश्य को बदलने के लिए राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत बारह नए ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों को मंजूरी दी हैं इन औद्योगिक क्षेत्रों में संयुक्त अनुमानित निवेश 28 हजार 602 करोड़ रुपये होगां नई दिल्ली में कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ये जानकारी दीं

000

इस कार्यक्रम के तहत राजस्थान में जोधपुर–पाली को औद्योगिक स्मार्ट शहर के रूपव में विकसित किया जाएगां दोनों शहरों के लिए परियोजना लागत 922 करोड रुपये रहेगीं वहीं रोजगार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध होंगें

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्र सरकार के इस फैसले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आभार व्यक्त किया हैं उन्होंने कहा कि इस निर्णय से जोधपुर–पाली क्षेत्र का औद्योगिक परिदृश्य बदलेगां क्षेत्र का सामाजिक–आर्थिक उत्थान भी हो सकेगां यह निर्णय विकसित भारत–विकसित राजस्थान के लक्ष्य को गति देने में महत्वपूर्ण साबित होगां

000

बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में आज से प्राकृतिक खेती पर दो दिन की राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू होगीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े संगोष्ठी का उद्घाटन करेंगें इस संगोष्ठी में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और देशभर के प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिक, शोधकर्ता और किसान शामिल होंगें इस दौरान राज्यपाल विश्वविद्यालय की ओर से विकसित स्टबल चॉपर कम स्प्रेडर का लोकार्पण भी करेंगें यह मशीन उत्तर भारत में पराली जलाने की समस्या से छुटकारा दिलाने में सहायक सिद्ध होगीं

000

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे, इसके लिए विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता हैं राज्यपाल ने कल बीकानेर के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिएं श्री बागड़े ने कहा कि घुमन्तू और भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उन्हें, स्कूलों तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी हैं केंद्र और राज्य सरकार प्रवर्तित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों तक पहुंचें इसके लिए अधिकारी अधिक संवेदनशीलता के साथ काम करें

000

राज्य स्तरीय पुलिस अधिकारी कॉन्फ्रेंस, 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस–द वे फॉरवर्ड' आज से जयपुर में शुरू होगीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा इसका शुभारम्भ करेंगें पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने बताया कि साल की शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय स्तर की डीजीपी–आईजी कॉन्फ्रेंस में लिए गए निर्णय के क्रम में इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा हैं उन्होंने बताया कि दो दिन के इस सम्मेलन के दौरान छह–छह सत्र आयोजित किये जाएंगें श्री साहू ने बताया कि इस दौरान राज्य में बेहतर पुलिसिंग पर केन्द्रित मुद्दों पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और विषय विशेषज्ञ कई सत्रों में अपना प्रस्तुतीकरण देंगें इन सत्रों में विषय विशेषज्ञ भी अपने सुझाव देंगें सम्मेलन के पहले दिन आज नये आपराधिक कानूनों पर विशेष सत्र होगां उद्घाटन सत्र में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, मुख्य सचिव सुधांश पंत और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार सहित राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगें

000

आज राष्ट्रीय खेल दिवस हैं यह दिन महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद की जयंती के उपलक्ष में मनाया जाता हैं हर साल 29 अगस्त को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय खेल दिवस भारतीय हॉकी में मेजर ध्यान चंद की विरासत के सम्मान और शारीरिक गतिविधियों तथा खेल के महत्व को दर्शाता हैं केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज सुबह मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेखडियम में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कीं उन्होंने सभी नागरिकों को कम से कम एक घंटा खेल को समर्पित करने का आह्वान किया हैं

000

राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं जिलों में आयोजित हो रहे खेल सप्ताह के तहत आज भी कई खेलों के मुकाबले हो रहे हैं इनमें लोग उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं खेल दिवस पर भरतपुर में क्रीड़ा भारती की ओर से अलग–अलग आयु वर्गों के लागों की दौड करवाई जा रही हैं इस अवसर पर संगोष्ठी भी रखी गई हैं बीकानेर में रन फॉर फिट बीकाणा वॉकेथोन का आयोजन हो रहा हैं इस दौरान खिलाडी नशा मुक्ति का संदश देंगें बाडमेर में रन फॉर फिट का आयोजन किया जा रहा हैं सवाईमाधोपुर में भी मैराथन हो रही हैं

000

प्रदेश में अब अधिकृत स्क्रैप सेंटर पर स्क्रैप किए गए पुराने वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर नए वाहन को आवंटित किया जा सकेगां परिवहन और सड़क सुरक्षा आयुक्त मनीषा अरोड़ा ने बताया कि राजस्थान मोटरयान नियम, 1990 के तहत अब वाहन स्वामी अपने पूर्व पंजीकृत वाहन पंजीयन क्रमांक को नए खरीदे गए वाहन पर रिटेन कर सकते हैं

प्रक्रिया के तहत इच्छुक लोग वी स्क्रेप पोर्टल पर इसके लिए आवेदन कर सकते हैं उधर, परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग ने वाहन के स्वामित्व हस्तांतरण के समय वाहन की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता को समाप्त करने के लिए राजस्थान मोटरयान नियम, 1990 में संशोधन करने के लिए ड्राफ्ट अधिसूचना जारी की हैं इसके अनुसार हितधारकों से 15 दिन में आपत्ति और सुझाव मांगे गए हैं

000